## संपादकीय

# खतरनाक मंसूबे

### अल्पसंख्यकों के रक्षकों में खौफ की कोशिशें

कुछ समय से उग्रवादियों के हाथों कश्मीरी पुलिस अधिकारियों की हत्या की वारदातें बढ़ती जा रही हैं, वह भी कायरता के साथ घात लगाकर उस दौरान, जब पुलिस बल के जवान छुट्टियों में घर आए होते हैं। अभी शोपियां में हुई चार पुलिस कर्मियों की हत्या इन सबसे अलग है क्योंकि ये अधिकारी कश्मीर में बचे हुए कुछ अल्पसंख्यकों को बचाने का प्रयास कर रहे थे। वैसे भी कश्मीर में 1990 के दशक की उग्रवादी हरकतों के चलते कश्मीरियत के नाम पर सिर्फ समधर्मी लोग ही कश्मीर में बचे थे परंतु कहीं-कहीं कुछ जगहों पर थोड़े-थोड़े अल्पसंख्यक बचे रह गए थे। शोपियां की यह हरकत यह धमकी देने की कोशिश है कि वे पुलिस वाले जो अल्पसंख्यकों को जरा भी सुरक्षा देने का प्रयास करेंगे, उनकी हत्या कर दी जाएगी। लगता यह है कि कश्मीरियत और इनसानियत पूरी तरह से उग्रवादियों के नियंत्रण में चल रही है। पुलिस अधिकारी आमतौर पर राजनीतिज्ञ, सामान्य जनता और सरकार के बीच एक पुल की तरह संबंध-निर्धारक का काम करते हैं।

अभी हाल ही में केंद्र सरकार ने जिस तरह से कश्मीर में निकाय चुनाव करवाया है, वह बहुत ही प्रभावशाली कार्य दिख रहा है। पूरी तरह से सेना के संरक्षण में संपन्न चुनाव शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक हो गए। यूं तो जनतंत्र में सेना के बल पर चुनाव कराना उचित कार्रवाई नहीं होगी। इसके लिए राजनीतिज्ञों और पुलिस अधिकारियों का समुचित प्रयोग आवश्यक होता है। कश्मीर की समस्या का समाधान करने के लिए एक समुचित और समग्र व्यवस्था की आवश्यकता है। उग्रवादियों द्वारा पुलिस कर्मचारियों की हत्या यह प्रदर्शित करती है कि सिर्फ सैन्य बल के आधार पर कश्मीर की समस्या नहीं सुलझाई जा सकती। केंद्र सरकार को प्रदेश पुलिस को सक्षम और समर्थ बनाना होगा और कश्मीर की जनता में आत्मबल एवं देश प्रेम को जाग्रत करना होगा, अन्यथा सिर्फ सैन्य बल के आधार पर इस समस्या से नहीं निपटा जा सकता।

# नए साल का तोहफा: जिसके पास राशन कार्ड मिलेगा मुफ्त गैस कनेक्शन

नई दिल्ली। अब प्रत्येक राशनकार्ड धारक को उज्वला गैस कनेक्शन का लाभ दिया जाएगा। अभी तक उज्वला का लाभ एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग को ही दिए जाने पर कार्य चल रहा था। लेकिन केंद्र सरकार ने अब नए साल में प्रत्येक राशनकार्ड धारक को मुफ्त में कनेक्शन दिए जाने की योजना तैयार की है। राशन कार्ड में परिवार की मुखिया महिला के नाम पर ही इस योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए जिला आपूर्ति विभाग जहां मुख्यालय डाटा भेजने की तैयारी में है। वहीं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम ने सभी एजेंसियों के लिए सर्कुलर जारी कर दिया है।



केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद पीएम मोदी ने पर्यावरण को प्रदूषण रहित और ग्रामीण व गरीब महिलाओं को चूल्हे से दूरी बनाने के उद्देश से उज्वला गैस कनेक्शन दिए जाने की योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत पूरे देश में एससी-एसटी वर्ग के लोगों को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन वितरित किए गए। जिले में उज्वला के 1.61 लाख लोगों को कनेक्शन दिए जा चुके हैं। योजना की सफलता को देखते हुए सरकार ने इसके दायरे को बढ़ाते हुए ओबीसी वर्ग के लोगों को भी मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए जाने की योजना तैयार की थी लेकिन अब केंद्र सरकार ने इसका दायरा और बढ़ाते हुए सभी जरूरतमंद वर्गों के लोगों को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए जाने की योजना बनाई है जिसके तहत प्रत्येक राशनकार्ड धारक को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिया जाना है।इस योजना का लाभ लेने के लिए परिवार की मुखिया महिला का आधार कार्ड, फोटो, बैंक की पासबुक और यूनिटों में 18 वर्ष से अधिक लोगों के आधार कार्ड, राशन कार्ड लगाना आवश्यक होगा। जिले में करीब छह लाख राशन कार्ड धारक है जिन्हें इस योजना का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए आपूर्ति विभाग की ओर से डाटा मुख्यालय भेजा रहा है। वहीं दूसरी ओर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव कुमार झा ने सभी एजेंसियों के लिए एक सर्कुलर भी जारी कर दिया है।

डीएसओ नीरज सिंह ने बताया कि इस संबंध में जो भी शासन के निर्देश होंगे, उसका अक्षरतः पालन कराया जाएगा। सभी पात्र लोगों को योजना का लाभ दिया जाएगा।

नए साल में इस योजना में ओबीसी वर्ग को जोड़े जाने का कार्य चल रहा था। लेकिन अभी मंत्रालय की ओर से नए निर्देश मिले हैं। जल्द ही प्रत्येक राशन कार्ड धारकों को उज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन वितरित किए जाएंगे।

## देश के मुख्य शहरों में घरों की बिक्री 25 फीसदी बढ़ी




नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के नौ प्रमुख शहरों में 2018 में मकानों की बिक्री 25 प्रतिशत बढ़कर 3.1 लाख इकाई पर पहुंच गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार विशेषरूप से सस्ते मकानों की मांग बढ़ने से घरों की बिक्री बढ़ी है। सर्वे करने वाली एजेंसी ने नौ शहरों मुंबई, पुणे, नोएडा, गुरुग्राम, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता और अहमदाबाद के रीयल एस्टेट क्षेत्र का आकलन किया है।

आवास बाजार पर अपने साल भर के लेखे जोखे में एजेंसी ने कहा कि पिछले साल नोटबंदी के प्रभाव की वजह से घरों की बिक्री प्रभावित हुई थी। इसके अलावा मई, 2017 से लागू हुए रेरा कानून तथा जीएसटी क्रियान्वयन की वजह से भी पिछले साल घरों की बिक्री घटी थी। रीयल्टी पोर्टल ने कहा कि 2018 में नए घरों की आपूर्ति इससे पिछले साल की तुलना में 22 प्रतिशत घटकर 1.9 लाख इकाई रह गई। नए रीयल एस्टेट कानून रेरा के प्रावधानों के कड़ाई से पालन की वजह से बिल्डरों ने नई परियोजनाएं शुरू करने में सावधानी बरती। इसके अलावा नकदी की कमी तथा पहले से बने मकान नहीं बिकने की वजह से नई परियोजनाएं आगे नहीं बढ़ पाईं।

## एक जनवरी से बीएसएनएल देगा ई-बिल, ग्राहक जरुर कर लें ये काम

फगवाड़ा (आरएनएस)। टेलीकॉम सेवा प्रोवाइडर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) एक जनवरी से अपने ग्राहकों को लैंडलाइन और मोबाइल के लिए केवल ई-बिल ही देगा।

बीएसएनएल के एसडीओ ने आज यहां बताया कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए बीएसएनएल अब कागज पर छपे बिलों का वितरण नहीं करेगा और केवल ई-बिल ही ग्राहकों को भेजेगा जिसके लिए ग्राहकों को अपना मोबाईल नंबर अथवा ई-मेल आईडी पंजीकृत करवानी होगी।

उनके अनुसार बीएसएनएल के इस कदम से ग्राहकों को बिल अपेक्षाकृत जल्दी भी मिलेंगे तथा कागज की बचत भी होगी।

## उड़ीसा पुरुष वर्ल्ड कप हॉकी : बेल्जियम ने फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड्स को हराकर वर्ल्ड कप हासिल किया



भुवनेश्वर। बेल्जियम की उड़ीसा पुरुष हॉकी टीम ने यहां कलिंगा स्टेडियम में सडन-डेथ तक गए एक बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में नीदरलैंड्स को 3-2 (0-0) से हराकर पहली बार वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया।

वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार कोई फाइनल मुकाबला निर्धारित समय में बिना किसी गोल के समाप्त हुआ और पेनल्टी शूटआउट में गया, जहां 2016 रियो ओलिंपिक में फाइनल तक का सफर तय करने वाली बेल्जियम ने बाजी मारी।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत नई ऊंचाई पर, जानें क्या हैं आज का रेट

नई दिल्ली। लगातार गिरावट के बाद सप्ताह के पहले दिन पेट्रोल और डीजल की कीमत में भारी उछाल आया है. पेट्रोल की कीमत में 20 पैसे तक और डीजल की कीमत में 10 पैसे तक उछल आया है. चेन्नई में एक लीटर पेट्रोल की कीमत में 20 पैसे, दिल्ली में 19 पैसे, कोलकाता में 19 पैसे और मुंबई में 19 पैसे का उछाल आया है.

## आज का राशिफल

मेषः आज दिनभर प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। व्यर्थ के खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है। पूंजी-निवेश करते समय सावधानी रखें।

वृषभः ग्रहों की स्थिति के अनुसार, आज का दिन आनंद से भरा दिन है। व्यापार में और आय वृद्धि होने में लक्ष्मीजी की कृपा रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद का वातावरण रहेगा।

मिथुनः शारीरिक और मानसिक रूप से आज दिनभर प्रसन्नता छाई रहेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में कार्य की प्रशंसा होने से उत्साह बढ़ेगा। सहकर्मियों का साथ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में भी मान-सम्मान प्राप्त होगा।

कर्कः आज का दिन भाग्य में वृद्धि होने का दिन है, ऐसा आपके ग्रह-नक्षत्रों की स्थिति कहती है। विदेश या दूर देश से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। छोटा प्रवास या किसी धार्मिक यात्रा से मन की प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

सिंहः स्वास्थ्य के प्रति आज अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य के पीछे धन खर्च भी हो सकता है। आज घर पर बना खाना ही खाएं तो लाभदायी रहेगा।

कन्याः आज का दिन आपके लिए शुभ है। यश कीर्ति प्राप्त करने में सरलता रहेगी। व्यापार के क्षेत्र में भागीदारों के साथ संबंधों में सकारात्मकता बढ़ेगी।

तुलाः आपका स्वास्थ्य आज अच्छा रहेगा। व्यवसायिक क्षेत्र में लाभ होगा। सहकर्मियों का भी सहयोग प्राप्त होगा। परिजनों के साथ आप आनंदपूर्वक समय बिता सकेंगे।

वृश्चिकः वाद-विवाद में न फंसने के लिए गणेशजी आपको सलाह देते हैं। संतान के विषय में चिंता बढ़ सकती है। विद्यार्थियों को अभ्यास में सफलता प्राप्त होने से उनके उत्साह में वृद्धि होगी।

धनुः मानसिक रूप से आज आपमें उत्साह का अभाव रह सकता है, जिससे मन में अशांति बनी रहेगी। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण न बने, इसका ध्यान रखें।

मकरः मित्रों और परिजनों के साथ आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। किसी पर्यटन स्थल पर प्रवास भी हो सकता है। स्थाई संपत्ति से जुड़े कार्य करने और व्यवसायिक लोगों के लिए समय अनुकूल है।

कुंभः मानसिक रूप से दुविधा का अनुभव हो सकता है। इस कारण किसी निश्चित कार्य से जुड़े निर्णय लेने में कष्ट हो सकता है। निरर्थक खर्च से बचना ही सही होगा।

मीनः शारीरिक और मानसिक रूप से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। उत्साहपूर्ण वातावरण होने से नए कार्य प्रारंभ करने की प्रेरणा मिलेगी। पारिवारिक वातावरण में सुख-शांति बनी रहेगी। मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास पर जाना हो सकता है।

# बिहार के इस मंदिर में रहता है रहस्यमयी नागों का जोड़ा, रंग बदलता है शिवलिंग

नालंदा जिले के हिसुआ प्रखंड में कैथिर रेपुरा रोड के समीप मुरली पहाड़ की गोद में दुल्हन शिवालय है। दुल्हन शिवालय एक ही परिसर में दो है। शिवालयों में शिवलिंग से लेकर आर्किटेक्चर व नक्काशी एक समान है। इस शिव मंदिर का निर्माण सास-बहू ने मिलकर करवाया था। इस कारण मंदिर का नाम दुल्हन पड़ा। हालांकि ये दोनों दुल्हन कौन थी और कहां की थी यह कोई नहीं जानता, कि मंदिर अति प्राचीन है। दिर में खासियत यह है कि शिवलिंग का पत्थर रंग बदलता है। शिवलिंग का रंग मंदिर में सूर्य की रोशनी के हिसाब से घटता बढ़ता रहता है। मंदिर के पुजारी बैद्यनाथ पाण्डेय उर्फ लाल बाबा के अनुसार सुबह में शिवलिंग का रंग चॉकलेटी



रहता है। धीरे-मंदिर में सूर्य की रोशनी के साथ ही शिवलिंग का चॉकलेटी रंग हल्का होने लगता है। न्होंने बताया कि मंदिर में नाग का भी वास है। दिर के गर्भगृह में मौजूद दीवार के तहखाने में नाग देवता को जाते हुए कई लोगों ने देखा है। मंदिर अति प्राचीन है। रखरखाव के अभाव में मंदिर काफी जीर्ण-शीर्ण हो चुका है। हाल में ही कैथिर के एक भक्त सुबोध सिंह ने मन्नतें पूरी होने पर मंदिर का रंग रोगन करवाया था। इसमें जो भी भक्त सच्ची श्रद्धा से पूजा करता है उसका प्रतिबिंब शिवलिंग में झलकता है। बाबा विगत 23 वर्षों से मंदिर परिसर में रहकर मंदिर की सेवा में तल्लीन हैं। रीचक पटना निवासी बैद्यनाथ पाण्डेय उर्फ लाल बाबा हिसुआ में बीएलडब्ल्यू के पद पर कार्यरत थे। उनका कार्यक्षेत्र कैथिर, आसपास का गांव था। आते जाते उनकी नजर जीर्ण-शीर्ण मंदिर पर पड़ी तो वे मंदिर में ही रहकर सेवा करने लगे। वानिवृत्ति के पश्चात वे अपने आप को पूर्णत दिर की सेवा में समर्पित कर दिए। वो बताते हैं कि मंदिर में सच्चे मन से आने वाले लोग कभी निराश नहीं होते हैं।

# अब मुनाफ पटेल और प्रवीण कुमार सिखाएंगे तेज गेंदबाजी के गुर

नई दिल्ली। साल 2011 में विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल और अपनी स्विंग से बल्लेबाजों को परेशान करने वाले प्रवीण कुमार यहां जोर्डन इंटरनेशनल क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में उभरते तेज गेंदबाजों को तेज गेंदबाजी के गुर सिखाएंगे। जोर्डन इंटरनेशनल क्रिकेट अकादमी के शिवम खन्ना के मुताबिक उभरते तेज गेंदबाजों के लिए पांच दिवसीय ट्रेनिंग शिविर 18 से 22 दिसम्बर तक संत सुजान सिंह इंटरनेशनल स्कूल (सरूप नगर) में आयोजित किया जाएगा।





शिवम ने बताया कि पूर्व भारतीय गेंदबाज मुनाफ 19 दिसम्बर को और प्रवीण 20 दिसम्बर को युवा खिलाड़ियों को तेज गेंदबाजी की बारीकियों से अवगत कराएंगे।

गुजरात निवासी मुनाफ ने भारत के लिए 2006 से 2011 के बीच 13 टेस्ट और 70 वनडे मैच खेले हैं। उनके नाम टेस्ट में 35 तथा वनडे में 86 विकेट हैं। मुनाफ महेंद्र सिंह धौनी के नेतृत्व में विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा थे।

दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी प्रवीण कुमार ने 2007 से 2012 के बीच भारत के लिए छह टेस्ट और 68 वनडे मैच खेले। टेस्ट में प्रवीण के नाम 27 और वनडे में 77 विकेट हैं।

## PAN आधार से लिंक नहीं है तो हो जाएगा अमान्य, ये है समय सीमा और करने का तरीका

नई दिल्ली। क्या आपने अपने पैन कार्ड को आधार के साथ लिंक कर लिया है ? अगर, नहीं किया तो ये खबर आपके लिए बहुत जरूरी है क्योंकि आपका पैन अमान्य हो सकता है. एकबार पैन अमान्य हो जाने पर इसे सही कराने में आपको बहुत ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. इसलिए जरूरी है कि निश्चित तारीख से पहले इसे पूरा कर लें और परेशानियों से खुद के बचाएं. सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स ने पैन को आधार से लिंक करने की समय सीमा बढ़ा दी है. पैन को आधार से लिंक कराने की आखिरी तारीख 31 मार्च 2019 है.

## चिली चीज सेंडविच बनाने की विधि



आज हम आपको टेस्टी चिली चीज सेंडविच की रेसिपी बताने जा रहें है। इसको बनाना बहुत ही आसान है। आइये जानते हैं इसको बनाने की सरल विधि।

सामग्री-

ब्रेड 6 पीस
प्याज एक बारीक कटी
हरी मिर्च 2 से 3
शिमला मिर्च एक बारीक कटी
नमक स्वादानुसार
लाल मिर्च एक छोटी चम्मच
हरा धनिया पत्ती 2 बड़े चम्मच बारीक कटी हुई
चीज 50 ग्राम
चाट मसाला एक छोटा चम्मच
मक्खन तलने के लिए
धनिया की चटनी

विधि-

सबसे पहले एक बाउल में बारीक कटी प्याज, हरी मिर्च, शिमला मिर्च, नमक, लाल मिर्च, हरा धनिया, ग्रेट किया हुआ चीज और चाट मसाला डालकर अच्छी तरह से मिला लें। तैयार है हमारा मिश्रण चीज में भर सेंडविच में भरने के लिए। अब ब्रेड स्लाइस को फैला कर रखें और उस पर बटर और हरी धनिया की चटनी को अच्छी तरह से लगा ले। अब इसमें तैयार मिश्रण को भरें ऊपर से दूसरी ब्रेड स्लाइस लगाएं। फिर से तैयार मिश्रण लगाएं इसके ऊपर तीसरा ब्रेड पीस लगाकर ऊपर से बटर लगाएं और ग्रिल्ड पेन पर धीमी आंच में 2 मिनट तक ढककर सिकने दें। अब इस सेंडविच को पलट दे और दोबारा से 1 मिनट तक ढककर दूसरी तरफ भी सेक लें। इस तरह से सेकने से सैंडविच अंदर तक पक जाएगा और साथ में बहुत ही क्रिस्पी भी बन जाएगा तो तैयार है चिली चीज सेंडविच। इसे चाट मसाले या हरी चटनी या सॉस के साथ गरमा गरम सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-20

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 19 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्क | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## सू-दोकू-20

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.19 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |